पंचदश बिहार विधान सभा

दशम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 सोमवार, दिनांक-29 जुलाई, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.15 बजे पूर्वा० तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही सारण जिले में हुई बच्चों की मौत का मामला मा० नेता प्रतिपक्ष द्वारा उठाया गया । आसन द्वारा इस विषय को प्रश्नोत्तर काल के बाद लिए जाने की बात कही गई । साथ ही आसन द्वारा यह भी कहा गया कि आपकी बातें सुनी जाएँगी और स्थापित प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के तहत् निर्णय लिया जाएगा । विपक्ष के मा० सदस्यगण इस पर असंतुष्ट होकर सदन में नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा उनसे शांत रहने और अपनी सीट पर जाने का बार-बार अनुरोध किया गया परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।

(स्थगनोपरांत)

12.00 बजे मध्या० से 12.15 बजे अप० तक ।

[1] कार्यस्थगन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं तीन मा० सदस्यों से और मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा से एक ही विषय पर ''सारण जिला के मशरख प्रखण्ड में 16.07.2013 को जहरीली मिड-डे मिल खाने से 23 मासूम बच्चों की मौत की घटना'' पर दो कार्यस्थगन सूचनाएँ प्राप्त हुई हैं । मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा दी गई सूचना सर्वप्रथम प्राप्त है और नियमानुकूल पाया गया है । आसन द्वारा सूचना पढ़ी गयी ।

मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी को अपना प्रस्ताव करने के लिए सदन की अनुमति मिली ।

आसन द्वारा इस विषय पर अनुमति देते हुए आज दिनांक 29.07.2013 को 2.30 बजे अप० का समय वाद-विवाद के लिए निर्धारित किया गया ।

मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा के प्रस्ताव को सर्वप्रथम नहीं किए जाने पर भाजपा के मा० सदस्यों द्वारा विरोध प्रकट करते हुए नारेबाजी की जाने लगी और वे वेल में भी आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार शांत होने और अपनी सीट पर जाने का उनसे अनुरोध किया गया तथा कहा गया कि आसन के द्वारा जो निर्णय लिया गया है वह प्रक्रिया तथा नियमावली के नियमों के तहत् है । लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 2.04 बजे अप० तक ।

[2] **वित्तीय कार्य :-**

(i) **वित्तीय वर्ष 2013-14 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण का उपस्थापन :-**

मा० प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) **अधिकाई व्यय-विवरणी का उपस्थापन :-**

मा० प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 1987-88, 2004-05, 2005-06, 2007-08 एवं 2010-11 का अधिकाई व्यय विवरणी को सदन पटल पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सदन की बैठक 2.30 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

(स्थगनोपरांत)

02.30 बजे अप० से 04.35 बजे अप० तक ।

[3] **कार्यस्थगन प्रस्ताव पर वाद-विवाद :-**

मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा दिनांक 16.07.2013 को सारण जिले में विषाक्त मिड डे मिल से हुई 23 बच्चों की मृत्यु की घटना पर कार्यस्थगन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अपना पक्ष रखा गया ।

वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री नन्द किशोर यादव
(ii) श्री मंजीत कुमार सिंह
(iii) श्री सदानन्द सिंह
(iv) श्री अवधेश कुमार राय
(v) श्री पवन कुमार जायसवाल
(vi) श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल
(vii) श्री राजेश सिंह
(viii) श्री जनक सिंह
(ix) श्री कृष्ण कुमार
(x) श्री विनय कुमार सिंह

सरकार की ओर से मा० मंत्री शिक्षा विभाग श्री प्रशांत कुमार शाही द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा तथा राजद के मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[4] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-09 निवेदनों को सदन की सहमति से सम्बंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 30 जुलाई, 2013 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-29 जुलाई, 2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।